# बैंक ऑफ अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में निवेश विकल्पों को तलाशा

## 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त से की मुलाकात



बैंक के प्रतिनिधिमंडल से बात करते आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह। -विभाग

लखनऊ। बैंक ऑफ अमेरिका के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को लखनऊ में इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से मुलाकात कर विदेशी निवेशकों के लिए राज्य में विकल्पों की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की बढ़ती आर्थिक ताकत, रणनीतिक सुधारों, प्रमुख परियोजनाओं और निवेश-अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य में हो रहे सक्रिय परिवर्तन पर चर्चा की।

बैठक में बैंक ऑफ अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में उपलब्ध निवेश के व्यापक अवसरों के बारे में जाना। बैठक प्रमुख रूप से कृषि, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, अवस्थापना और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित रही। मनोज कुमार सिंह ने प्रदेश को भारत में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताया और दो अंकों वाली विकास दर के साथ राज्य की मजबूत आर्थिक वृद्धि पर जोर दिया।

उन्होंने प्रदेश की भौगोलिक स्थिति और व्यापक बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यूपी सर्वाधिक हवाई अड्डे और एकमात्र रैपिड रेल प्रणाली वाला राज्य है। उन्होंने यह भी बताया कि वाराणसी को हल्दिया से जोड़ने वाले एक मल्टी-नोडल अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल यहां है। साथ ही देश के कुल एक्सप्रेसवे का लगभग 45 फीसदी उत्तर प्रदेश में ही है।

उन्होंने प्रदेश की बेहद उपजाऊ जमीन के बारे में बताया कि उत्कृष्ट सिंचाई सुविधाओं की मदद से राज्य की लगभग 75 फीसदी जमीन पर खेती की जाती है, जो उत्तर प्रदेश को देश का खाद्य भंडार बनाता है।

यूपी के सांस्कृतिक और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बताने के साथ देश के सबसे पसंदीदा व्यापारिक गंतव्य की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन, कृषि, ऊर्जा और स्वास्थ्य सेक्टर में निवेश के कई अवसरों पर चर्चा की और अवसरों के विवरण भी मांगे। बैंक आफ अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक से साफ हो गया कि उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबारियों की दिलचस्पी है। ब्यूरो